# कार्यालय पुलिस उपायुक्त अपराध, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-08-02-2025**

**विदेशी कम्पनियों मे विभिन्न पदो पर फर्जी तरीके से नौकरी दिलाने का झासा देकर 80 लाख रूपये की साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के सरगना सहित 03 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार तथा उनके कब्जे से भारी मात्रा मे मोबाइल, लैपटाप , कम्प्यूटर डेक्सटाप, तथा नकदी आदि सामान बरामद।**

दिनाक 17-01-2025 को वादी श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय पुत्र श्री ओम प्रकाश पाण्डेय :-पता SA17/3-R-S-9 आनन्द पुरी कालोनी पहडिया, सारनाथ, वाराणसी (उ0प्र) द्वारा थाना साइबर क्राइम वाराणसी पर उपस्थित होकर प्रार्थनापत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया कि साइबर अपराधियों द्वारा उनका डेटा जाब प्रोवाइडर कम्पनी से प्राप्त कर उन्हे Indeed कम्पनी के रिप्रेजेन्टेटिव के तौर पर संपर्क कर उनको आस्ट्रेलिया मे नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनके साथ विभिन्न फीस, टैक्स का हवाला देकर कुल 80 लाख रूपये की साइबर ठगी कर ली गयी है जिसके सम्बन्ध मे थाना साइबर क्राइम वाराणसी पर मु0अ0सं0 05/2025 धारा 318(2), 318(4) बीएनएस तथा 66डी आई0 टी0 एक्ट पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना निरीक्षक श्री विजय कुमार यादव द्वारा की जा रही है।

उक्त प्रकरण के दृष्टिगत श्री मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त कमि0 वाराणसी एवं श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त अपराध  कमि0 वाराणसी के निर्देशन मे तथा सुश्री श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त कमि0 वाराणसी व श्री गौरव कुमार सहायक पुलिस आयुक्त कमि0 वाराणसी के नेतृत्व मे एक टीम का गठन कर उक्त घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम मे वाराणसी से काल सेन्टर संचालक सहित 03 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से भारी मात्रा मे मोबाइल, लैपटाप, कम्प्यूटर डेक्सटाप, टेलीफोन लैण्डलाइन, वाई फाई राउटर, सिमकार्ड, कस्टमर डेटा सीट आदि सामान तथा 20690/- रूपया नकद बरामद किया गया है।

### अपराध करने का तरीका-

Times Job Internet ( Cool boot Media) तथा Workindia जोकि जाब प्रोवाइडर कम्पनियां है जिनपर जाब सीकर्स अपना रिज्यूम अपलोड करते है , साइबर अपराधियो द्वारा इन्ही कम्पनियों का रिक्रूटर पोर्टल अवैघ तरीके से प्राप्त कर जाब सीकर्स का डेटा प्राप्त किया जाता है, जिनको यह अपने आफिस मे काम करने वाले टेलीकालर के माध्यम से काल कराकर उनका रजिस्ट्रेशन कराकर डाक्यूमेट मंगवा लेते है। फिर इनके द्वारा जाब सीकर्स को विदेशो की कम्पनियो मे उनकी योग्यतानुसार विभिन्न पदो पर नौकरी दिलाने हेतु प्रक्रिया के तहत उन्हे फर्जी कूटरचित व फर्जी डिजिटल हस्ताक्षरित इन्टेन्ट लेटर, आफर लेटर तथा इन्टरब्यू लेटर भेजकर अपने झांसे मे लिया जाता है तथा विभिन्न तरह की फीस/टैक्स के नाम पर तथाकथित कम्पनी /फर्जी म्यूल बैंक खातों मे पैसा

मंगा लिया जाता है। साइबर अपराधियों द्वारा अपनी पहचान छुपाने तथा पुलिस की पहुच से दूर रहने के उद्देश्य से इस तरह की साइबर अपराध की घटनाओ को कारित करने के लिए फर्जी म्यूल बैंक खातों तथा फर्जी नाम-पते के सिमकार्ड का प्रयोग किया जाता है, इस कार्य के लिए गिरफ्तार साइबर अपराधियों द्वारा नोएडा के सेक्टर 10 मे कालसेन्टर बनाया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

*1. दीपक कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी म0न0 216 बुद्ध विहार थाना विजय नगर गाजियाबाद, उ0प्र0 पिन 201009 उम्र 31 वर्ष*
*2. भानू प्रताप पुत्र शोभाराम राजपूत निवासी- इटौरा, थाना- अजीतगंज जिला- मैनपुरी, उ0प्र0 पिन 205247 उम्र 28 वर्ष*
*3. कुनाल विश्वास पुत्र संजय विश्वास निवासी- गली न0 06 निकट केडी कान्वेन्ट स्कूल, बुद्ध विहार थाना- विजय नगर, जनपद- गाजियाबाद, उ0प्र0 पिन 201009 उम्र 22 वर्ष*

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0- 05/2025 धारा- 318(2), 318(4), 336(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2), 317(2) बीएनएस व 66डी, 74 आईटी एक्ट थाना साइबर क्राइम वाराणसी

**बरामदगी का विवरण-**

| | |
|---|---|
| iOS Mobile- | 07 अदद। |
| Key-Pad Mobile- | 06अदद। |
| Android Mobile- | 05 अदद। |
| Laptop- | 03 अदद। |
| Computer Desktop- | 03 अदद। |
| Company Name Data Sheet- | 01 अदद। |
| Pendrive- | 02 अदद। |
| WiFi Router - | 01 अदद। |
| Landline Telephone | 01 अदद। |
| Internet Dongle | 01 अदद। |
| Sim Card Airtel | 03 अदद। |
| Sim Card Vi | 01 अदद। |
| नकद धनराशि- | 20690/- रूपया |

*गिरफ्तारी/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-*

| साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट वाराणसी | |
|---|---|
| • प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह<br>• निरीक्षक विजय कुमार यादव<br>• निरीक्षक राजकिशोर पाण्डेय<br>• निरीक्षक दीनानाथ यादव<br>• हे0का0 गोपाल चैहान<br>• हे0का0 रजनीकान्त<br>• का0 चन्द्रशेखर यादव<br>• का0 मनीष कुमार सिंह | • का0 देवेन्द्र यादव<br>• का0 अवनीश सिंह<br>• का0 धर्मेन्द्र यादव<br>• का0 जितेन्द्र मौर्या<br>• म0का0 पुनीता यादव<br>• म0का0 अंकिता सिंह<br>• आ0चा0 विजय कुमार |

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, अपराध**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**